
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 290 मुरादाबाद 16 February 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## 10 को UP में बनवाएं BJP सरकार, 18 को घर आ जाएगा मुफ्त सिलेंडर: अमित शाह




केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रमुख विपक्षी दलों पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि पहले और दूसरे चरण में समाजवादी पार्टी और बसपा का सुपड़ा साफ होगा और भाजपा तेजी के साथ 300 सीटों की ओर बढ़ रही है। इसके अलावा गृहमंत्री ने वादा किया है कि 10 को प्रदेश में बीजेपी की सरकार लाओ और फ्री गैस सिलेंडर पाओ। अमित शाह ने औरैया के दिबियापुर में आयोजित जनसभा के दौरान कहा कि सपा-बसपा ने उत्तर प्रदेश में 15 साल तक सरकार चलाई, किसी गरीब के घर में गैस कनेक्शन नहीं पहुंचा। जब जनता ने भाजपा सरकार बनाई मोदी जी ने यूपी की 1.67 लाख माताओं-बहनों को गैस कनेक्शन देने का काम किया। हमने तय किया है कि होली और दीपावली में एक-एक सिलेंडर मुफ्त देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि होली 18 ( मार्च ) को है और 10 को मतगणना। 10 को प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनवांए और 18 तारीख तक आपके घर फ्री गैस सिलेंडर पहुंच जाएगा। साथ ही किसी भी किसानों को अगले 5 साल तक बिजली का बिल नहीं देना होगा। अमित शाह ने आगे कहा कि जब कोरोना आया तो पूरी दुनिया में यही चल रहा था कि गरीब क्या खाएगा। लेकिन मोदी जी ने देश के 80 करोड़ और यूपी के 15 करोड़ गरीबों को हर महीने 5 किलो अनाज मुफ़्त देने का काम किया। इसके अलावा मोदी जी ने देश के 130 करोड़ लोगों को और उत्तर प्रदेश के 22 करोड़ लोगों को वैक्सीन न दी होती तो आज हम कोरोना की तीसरी लहर में सुरक्षित नहीं होते। देश की जनता को सुरक्षित करने का काम भाजपा ने किया है।

### अखिलेश की सरकार में कट्टे और छर्रे बनते थे

गृहमंत्री ने कहा कि जब उत्तर प्रदेश में अखिलेश की सरकार थी तब यहां कट्टे और छर्रे बनते थे। अब भाजपा की सरकार है, उत्तर प्रदेश में गोली की जगह गोले बनने लगे हैं जो पाकिस्तान को जवाब देने की व्यवस्था की है।

## फिरोजाबाद में बरसे योगी आदित्यनाथ, विकास की राह में जो आएगा उसके लिए बुलडोजर तैयार

फिरोजाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फिरोजाबाद देश दुनिया में सुहागनगरी के नाम से जाना जाता है। आलू उत्पादन में किसानों ने रिकॉर्ड बनाया हैं। आगरा मथुरा की तरह टूंडला में भी शुद्ध पेय जल की व्यस्था बना रहे हैं। बाजार से पानी नहीं खरीदना पड़ेगा। हमारी सरकार किसानों के लिए समर्पित है। ये सिर्फ नारा नहीं हैं। किसानों के नेता मंच पर हैं। 54 हजार से ज्यादा फिरोजाबाद के किसानों का लोन माफ हुआ हैं। सम्मान निधि आ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि अयोध्या में हमला करने वाले, काशी में हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमे सपा सरकार ने आते ही वापस लिए। हमने आते ही किसानों का लोन माफ किया। बूचड़ खाने बंद किए और एंटीरोमियो स्कॉड बनाया। गोवंश परेशान कर रहा है। हम प्रयास करेंगे। अन्नदाता परेशान नहीं होगा और गौ माता भी नहीं कटेगी टूंडला और



फिरोजाबाद में आलू चिप्स फैक्ट्री खोली जाएगी। चाचा भतीजा भर्ती में वसूली के लिए निकल पड़ते थे। अब नौकरी में कोई भ्रष्टाचार नहीं होता सपा की सरकार में पांच साल में यूपी में 18 हजार आवास स्वीकृत हुए। हमने 43 लाख से ज्यादा आवास दिए। फिरोजाबाद में 54 हजार आवास दिए। सपा ने पेंशन रोक दी थी, हम 12 हजार रुपए सालाना पेंशन दे रहे हैं। फिरोजाबाद में पेंशन दी जा रही है। कोरोना से अमेरिका में लाखों लोग मारे गए। हमें जीवन बनाया और रोजगार दिलाए। वैक्सीन फ्री लगवाई और दुनिया में सबसे अच्छी वैक्सीन बनी। यूपी में सौ फीसदी लोगों ने वैक्सीन लगवाई है। डबल इंजन सरकार के राशन फ्री दिया। सपा वाले बिजली इसलिए नहीं देते थे की रात में इन्हें डकैती करनी होती थी। तब डकैती होती थी अब कावड़ यात्रा निकलती हैं। बम नहीं फूटते हर हर बम बम होता है। एक हाथ से हम विकास करेंगे और जो बाधक होगा उनके लिए बुलडोजर तैयार है। दो चरणों के मतदान से चाचा भतीजे परेशान हैं। सोच रहे हैं कि जिन्हें चुनाव के लिए निकाल कर लाए हैं उन्हें कहां छुपाएंगे।

### सीएम ने कासगंज में किया वादा दो करोड़ लैपटॉप बांटने का

कासगंज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमकर विपक्ष पर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पौराणिक तीर्थ की धरती को नमन करता हूं। भगवान विष्णु ने वराह के रूप में अवतार लिया। स्वतंत्रता संग्राम में भी सोरों का बड़ा योगदान रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आस्था का सम्मान किया।

## सीबीआइ कोर्ट का फैसला: चारा घोटाला में लालू यादव दोषी करार, भेजे गए जेल, 24 अभियुक्त बरी

चारा घोटाला के डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपये की अवैध निकासी मामले में ट्रायल का सामना कर रहे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव दोषी करार द?िए गए हैं। आरके राणा, जगदीश शर्मा, ध्रुव भागत को भी सीबीआइ कोर्ट ने दोषी पाया है। वहीं इस मामले में 24 अभियुक्त बरी कर दिए गए हैं। इनमें राजेन्द्र पांडे, साकेत, दिनांनाथ सहाय, रामसेवक साहू, अईनुल हक, सनाउल हक, मो एकराम, मो हुसैन, शैरो निशा, कलसमनी कश्यप, बलदेव साहू, रंजीत सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा (सप्लायर), निर्मला प्रसाद, कुमारी अनिता प्रसाद, रामावतार शर्मा, श्रीमती चंचला सिंह, रमाशंकर सिन्हा, बसन्त, सुलिन श्रीवास्तव, हरीश खन्ना, मधु, डॉ कामेस्वर प्रसाद शामिल हैं।



### कई अभियुक्त कोर्ट नहीं पहुंचे, शाम तक हर हाल में आना ही होगा

उधर, सीबीआइ कोर्ट परिसर से यह महत्वपूर्ण खबर आ रही है कि चारा घोटाला मामले के कई अभियुक्त अभी तक अदालत नहीं पहुंच पाए हैं। अदालत ने इसे गंभीरता से लिया है और कहा है कि किसी भी सूरत में आरोपितों को शाम तक कोर्ट आना ही होगा। देखना यह होगा कि यह आरोपित किस तरीके से शाम तक कोर्ट में लाए जा रहे हैं या पहुंच पा रहे हैं।

### अदालत ने दोषी करार अभियुक्तों को जेल भेजा

डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपये की अवैध निकासी से जुड़े चारा घोटाले के सबसे बड़े मामले आरसी 47ए/96 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद समेत 75 अभियुक्तों को सीबीआइ की विशेष अदालत ने दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश एसके शशि ने मामले में ट्रायल फेस रहे 6 महिला समेत 24 अभियुक्तों को साक्षय के अभाव में बरी कर दिया। मामले में कुल 99 अभियुक्त वर्तमान में मुकदमे का सामना कर रहे थे। अदालत ने दोषी करार अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। साथ उनलोगों की सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। बता दें कि लालू प्रसाद को इससे पूर्व चारा घोटाले के चार मामलों में सजा हो चुकी है। पांचवें एवं अंतिम मामले में भी दोषी पाए गए हैं। इससे पूर्व सीबीआइ के विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने अदालत से अभियुक्तों को कठोर से कठोर सजा देने की बात कही। कहा कि अभियुक्तों के खिलाफ पर्याप्त एवं ठोस साक्ष्य मिले हैं। वहीं बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि मेरे मुवक्किलों के खिलाफ कोई पुख्ता साक्ष्य नहीं है। साथ ही उम्र को देखते हुए फैसला सुनाने का अनुरोध किया। मामले में सुनवाई के दौरान बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र समेत 55 आरोपियों की मौत हो चुकी है। दो अभियुक्तों ने निर्णय पूर्व ही दोष स्वीकार कर लिया है। जबकि कि छह आरोपियों को सीबीआइ दबोच नहीं पाई है। 8 आरोपी को सीबीआइ ने वादामाफ गवाह बनाया था। सीबीआइ ने कुल 170 पर आरोप पत्र दाखिल की थी। जबकि 148 आरोपियों के खिलाफ 26 सितंबर 2005 में आरोप तय किया गया था।

### लालू यादव को 21 को सुनाई जाएगी सजा

लालू यादव को 21 फरवरी को सीबीआइ कोर्ट की ओर से आनलाइन सजा सुनाई जाएगी। वहीं अन्य ऐसे अभियुक्तों को भी कोर्ट ने आनलाइन सजा सुनाने की बात कही है। देखना यह होगा कि लालू यादव को कितने दिनों की सजा होती है।

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# महा की पूर्णमासी पर कछला घाट पर सजने लगी दुकाने



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूं- कछला घाट पर महा की पूर्णमासी पर लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान कर अपनी मनोकामना पूर्ण कर दान करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं यह मेला गंगा किनारे कछला पर लाखों श्रद्धालु लोगों के बीच भंडारे कथा हवन करके लाखों रुपए का दान किया जाता है इसको लेकर नगर पंचायत कछला बिजली की सजावट से लेकर गंगा किनारे महा आरती का प्रोग्राम किया जाता है इसके लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिलता है नगर पालिका की तरफ से साफ सफाई बा लाइट की व्यवस्था की जाती है यहां से हजारों लोगों का रोजगार मिलता हैजोकि माह की इस इस मेले में श्रद्धालु लोग लकड़ी के अलाव लगाते हैं यहां पर सारी व्यवस्थाएं नगर पंचायत कछला की तरफ से की जाती है

# रामगंगा विहार में महिला बैंक कर्मी से मोबाइल लूटा

मुरादाबाद- बाइक सवार बदमाशों ने महिला बैंक कर्मी से मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे चलती स्कूटी से धक्का देकर गिरा दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से घायल युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका आईसीयू में उपचार चल रहा है। मंगलवार को युवती के पिता ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लिए वह अपने घर आई थी। शाम करीब चार बजे वह दवाई लाने के लिए स्कूटी लेकर घर से निकली थी। वेव सिनेमा के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उसका आईफोन लूट लिया। प्राची मुरारी ने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया तो उन्होंने धक्का देकर उसे चलती स्कूटी से गिरा दिया। वह सड़क पर सिर के बल जा गिरी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# भाजपा के झांसे में अब उत्तरप्रदेश की जनता नहीं आने वाली है : चौधरी शमसुल होदा

सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कुशीनगर- विधानसभा फाजिलनगर ( 332 ) में सपा द्वारा चलाये जा रहे जनसम्पर्क अभियान 卐समाजवादियों चलो गांव गांव द्वार द्वार卐 को सफल बनाने के क्रम में विधानसभा के दक्षिणी क्षेत्र के गांवों भानपुर, भठहीं, बेलवां, सुमही, बनकटा आदि का दौरा कर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समाजवादी संकल्प-पत्र व वायदों, पार्टी के नीतियों को विस्तार पूर्वक जनता को बताने व समझाने में जुटे सपा जिला सचिव चौधरी शमसुल होदा ने कहा कि भाजपा सरकार की शोषणकारी व्यवस्था जिसका साक्षी व भुक्तभोगी स्वयं प्रदेश की जनता है वह चौंकाने वाला और दोषपूर्ण रहा है। प्रदेश के लोगों को उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने कुशासन से चौतरफा मुसीबत में डाल दिया है और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए प्रदेशवासियों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। केवल किसान, मजदूर, युवा ही नहीं बल्कि प्रदेश की पूरी जनता असीमित कष्ट में है। जिनकी कोई सुनवाई भाजपा सरकार में नहीं है। यही नहीं भाजपा सरकार ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी है। पांच साल सत्ता सुख भोगने के बाद उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगीजी को 30 साल की पुरानी घटना पर जनता से वोट मांग रही है। मुख्यमंत्री जी का स्वंय द्वारा किये गए ट्वीट को देखकर उनकी बौखलाहट का अंदाजा लगाया जा सकता है। उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में हार की आशंका ने मोदी, योगी सहित पूरे भाजपा मंडली में खलबली मचा दी है। नीदें हराम हो गयी है। मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। वे क्या बोल रहे हैं, क्या कर रहे हैं उन्हें स्वयं ही इसका गुमान नहीं है। उन्हें केवल सत्ता बचाने की फ़िकर है चाहे इसके लिए संविधान, लोकतंत्र, मानवता व पद की गरिमा की तिलांजलि देने के साथ साथ चाहे देश को साम्प्रदायिकता की आग में ही क्यों न झोंकना पड़े, उन्हें इससे परहेज नहीं है। जिला सचिव चौधरी शमसुल होदा ने आगे कहा कि यदि 30 साल पुरानी घटना को याद दिलाकर वोट का जुगाड़ किया जा सकता है तो सात साल पहले जनता के साथ जुमलेबाजी कर की गई धोखेबाजी के साथ-साथ एक साल पूर्व की कोरोना की क्रूरता और भाजपा सरकार की असफलता, बेड, वेंटिलेटर, दवा, ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतें, अनगिनत चिताएं, गंगा में तैरती लाशें, नदी तट पर



सनातन रीति-रिवाज के विरुद्ध रेतों में दफनाई गयी लाशें और उसके ऊपर से नोची गयी रामनामी को प्रदेश की जनता कैसे भूल पाएगी? साथ ही आर्टिकल19 के खबर के अनुसार कोरोना मृतकों के आंकड़ों को 43 गुना कम दिखाने की सरकार की बेशर्मी को प्रदेश की जनता कैसे भुला पाएगी? चौधरी शम्स ने आगे कहा कि हिन्दू बनाम मुसलमान व साम्प्रदायिक उन्माद के अलावा भाजपा मण्डली के पास अन्य कोई मुद्दा है ही नहीं जिसको लेकर वह जनता के बीच जा सके। विकास, स्वास्थ, शिक्षा, रोजगार, महंगाई, महिला सुरक्षा, भुखमरी, खेती-किसानी, व्यपार व व्यपारियों की दयनीय स्थिति आदि के मुख्य मुद्दों पर बात करने की साहस भाजपा के

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

पास नहीं है। 1 लाख 82 हजार होमगाड्र्स, संविदाकर्मी, शिक्षामित्र, अन्य शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों की पीड़ा, 40000 शिक्षकों के पद समाप्त, 1 लाख प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त, पुलिस विभाग की भर्तियों में 25 हजार ट्रेनिंग प्राप्त जवानों को नियुक्तियां न मिलना, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की 12 भर्तियों का आजतक नियुक्तियों का न मिलना, मदरसा आधुनिक शिक्षकों का मानदेय न मिलना जिसके कारण वे दाने दाने के मोहताज हो गए हैं, नई भर्तियों पर रोक, नियुक्तियों के सवाल पर लाठियों से जवाब मिलने आदि को जिसे प्रदेश की जनता भोग व देख रही है कैसे भूल पायेगी? भाजपा सरकार में यदि कोई सबसे ज्यादा ठगा हुआ महसूस कर रहा है तो वो है प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाला युवा वर्ग। भाजपा की योगी सरकार में प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक होना एक परम्परा सी बन गयी है। की घटना, गन्ने का बकाया मूल्य, धान का मूल्य न मिलने, बढ़ती बेरोजगारी, डीजल व पेट्रोल की बेतहासा बढ़ती कीमतें और महंगाई को कैसे भूल सकती है? भाजपा ने हर बार खेती-किसानी को निशाना बनाया। पहले भूमि-अधिग्रहण बिल फिर कृषि क़ानून, दोनों बार भाजपा को जनशक्ति से हार माननी पड़ी है। जिला सचिव चौधरी शमसुल होदा ने आगे कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश की जनता को इतिहास में न उलझावे बल्कि अपनी उपलब्धियों को गिनावे। वर्ष-2917 के अपने संकल्पपत्र की कार्यपूर्ति को सार्वजनिक करे। वर्तमान की प्रदेश की स्थिति कैसी है यह बताये। तमाम परेशानियों का दंश झेल रही प्रदेश की जनता को गुमराह करना आसान नहीं है। भाजपा सरकार की शोषणकारी नीतियों का खामियाजा भुगत रही प्रदेश की जनता को चुनाव का इंतजार था जो अब आ गया है। प्रदेशवासियों ने भाजपा सरकार की शोषणकारी व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए अपना विकल्प समाजवादी पार्टी को चुन लिया है। प्रदेश की जनता यह भलीभांति जानती है कि समाजवादी पार्टी की सीधी लड़ाई भाजपा से है और भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए समाजवादी पार्टी को ही वोट करना होगा। प्रदेश की जनता किसी के भी बहकावे में नहीं आने वाली है। पश्चिम बंगाल में गाना 卐खेला होबे卐 के धमाल के बाद उत्तरप्रदेश में भी गाना 卐खदेड़ा होबे卐 का धूम मचा हुआ है, जिसका शोर पूरे प्रदेश में गूंज रहा है। उत्तरप्रदेश की जनता का जुड़ाव जिस तेजी से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 अखिलेश यादव व समाजवादी गठबंधन के साथ हो रहा है को देखते हुए यह दावे के साथ कहा जा सकता है कि चुनाव परिणाम ठीक पश्चिम बंगाल की तरह आयेगा और भाजपा का उत्तरप्रदेश से सफाया हो जायेगा। पूर्वांचल के विधानसभा फाजिलनगर ( 332 ) के सपा प्रत्याशी मा0 स्वामी प्रसाद मौर्य व जिला कुशीनगर के अन्य सपा प्रत्याशियों के पक्ष में जिस तरह लोगों का जुड़ाव हो रहा है को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि जिला कुशीनगर की सभी सीटें सपा जीतने जा रही है। इस दौरान अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड लखनऊ, पूर्व ब्लॉक प्रमुख लकी खान, प्रधान नबीरसूल अंसारी, प्रधान अजय पांडेय, मेहराब खान, शाहनवाज़ खान, मिनहाज़ खान, डॉ0 सलामत अंसारी, सपा नेता लखीचन्द यादव, राजकिशोर जयसवाल, ऋषिकेश यादव, ओमप्रकाश यादव, सत्यप्रकाश, शम्भू पटेल, विशाल पटेल, ताज मोहम्मद, नितेश कुमार चौबे, अनवर अली अंसारी, जलालुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी, मनीष सिंह, वरिष्ठ सपा नेता ओमप्रकाश यादव, मंसूर अली आदि सपा नेतागण व कार्यकर्तागण मौके पर मौजूद रहे।

## चारा लेने गई युवती के साथ मनचले दो युवकों ने की छेड़छाड़ विरोध करने पर युवती ने मनचले को पीटा



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के सिरसखेड़ा गांव में आज उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया था जब खेत पर चारा लेने गई युवती के साथ दो मनचले दबंग युवकों ने छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी पीड़ित युवती के विरोध करने पर दबंग मनचले ने युवती के साथ गाली गलौज कर बुरी तरह पीटा पीड़ित के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई पीड़ित युवती ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी फोन कर अपने भाई को दी मौके पर पहुंचे भाई ने मनचले युवकों को घर से पकड़कर बुरी तरह पीटा सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दौनो मनचले को पकड़ हिरासत में जैसे ही लिया तो आक्रोशित भीड़ ने पुलिस के साथ भी गाली गलौज कर अर्भता की पुलिस के कड़ी मशक्कत के बाद दोनों मनचले को छुड़ाकर हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है

## विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर चाय की दुकानों पर चर्चा

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा - विधानसभा सीट चुनाव जीत को लेकर पार्टियों के समर्थक वे आम जनता , से लेकर पार्टी के कार्यकर्ता भी चाय के खो खो वे दुकानों पर चुनाव 2022 की जीत को लेकर चर्चा करते नजर आए अब देखना यह है आने वाली 10 फरवरी को ठाकुरद्वारा क्षेत्र की जनता का किया मतदान किसको जीत की कगार तक ले जाता है सभी पार्टियों के प्रत्याशी अपनी अपनी पार्टी की जीत पर नजर लगाए हुए हैं ऐसे में देखना यह होगा 10 प्रत्याशी मैदान में अपना अपना मुक़द्दर आजमा ते, हुए सभी प्रत्याशियों को अपने पक्ष में वोट मिलने की आस लगी है उधर पार्टी के प्रत्याशी अपनी-अपनी पार्टी की जीत बता कर खुशी से फूलों नहीं समा रहे हैं लेकिन आने वाली 10 तारीख को हो जाएगा खुलासा सच से लेकर झूठ झूठ से लेकर सच सभी पार्टी के सामने आ जाएगा सच का पिटारा समर्थकों वे जनता को भी आने वाली 10 तारीख का बेचैनी से इंतजार है


# आवश्यकता है

## उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

**knlslive@gmail.com**

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527


# वोटिंग बाद सपा पार्टी दफ्तर पर ढोल की थाप पर झूमे कार्यकर्ता

मुरादाबाद- सपाइयों ने वोटिंग खत्म होने के बाद मंगलवार को पार्टी दफ्तर पर शानदार पार्टी के शानदार प्रदर्शन पर कार्यकर्ताओं को मुबारकबाद दी। साथियों का मनोबल बढ़ाने को पार्टी दफ्तर पर ढोल की थाप पर लोग झूमे, वहीं मिठाइयां बांटी गई। पार्टी पदाधिकारी बोले साथियों की मेहनत रंग लाने वाली है। दस मार्च को आने वाले रिपोर्ट के बाद सब साफ हो जाएगा।

सोमवार हर विधानसभा के बूथ पर सपा नेता व कार्यकर्ता मजबूती से डटे रहे। हर विधानसभा में आए वोटिंग प्रतिशत के रूझान ने उत्साहित सपा पदाधिकारियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। खुशी मनाने को सभी सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला पार्टी दफ्तर पर जुटे और खुशी का इजहार ढोल की थाप पर झूम कर किया,वहीं सभी साथियों को मिठाई खिलाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डीपी यादव, महासचिव मुदस्सिर खान, महानगर अध्यक्ष शानू, कुलदीप तुरैहा, विशाल ठाकुर, लाखन सिंह सैनी, वेदप्रकाश सैनी, विजय वीर सिंह यादव, प्रेम बाबू वाल्मीकि अशोक सैनी, शीरी गुल,



आल्का दुबे, रत्न सिंह, यासमीन सैफी, सुनीता सिंह, हारुन पाशा, बदुद खान, तुंगीश यादव, प्रशांत सैनी, वीके सिंह सैनी, हसीन जमाल संग तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला के साथ घर मै घुस कर गाली गलौज वे मारपीट

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा -ग्राम दुल्हापु निवासी पीड़ित महिला ने अपने साथ घर मै घुस कर गाली ग्लोनज से लेकर मारपीट तक करने का लगाया, आरोप महिला का कहना है की दिन सोमवार को रमेश सिंह व कई अन्य लोगों ने पीड़ित महिला रिया रानी माता गीता रानी के साथ किसी बात को लेकर घर में घुसकर गंदी गंदी गालियां वे मारपीट करने लगे इसका विरोध करने पर रिया रानी को बचाने आई मां गीता रानी को भी गंदी गंदी गालियां देकर मारपीट की आज पीड़ित महिला ने ठाकुरद्वारा कोतवाली पहुंच कर कोतवाली निरीक्षण को सारा मामला बतलाया जहां कोतवाली निरीक्षक ने उसकी शिकायत पर एनसीआर दर्ज करा कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित महिला के साथ दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जहां पीड़ित की शिकायत पर एनसीआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है

## 24 घंटे जवानों और खुफिया नजरों के बीच रहेंगी ईवीएम



मुरादाबाद- जिले में विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच ईवीएम को मंडी समित स्थित स्ट्रांग रूम में रखा गया है। इसकी सुरक्षा के लिए पैरामिल्ट्री फोर्स के सशस्त्र जवानों को लगाया गया है। तीन लेयर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लगातार डीएम और एसएसपी के ले रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी लगातार मानीटरिंग की जा रही है। यह सुरक्षा व्यवस्था मतगणना तक जारी रहेगी। चुनाव में उपयोग होने वाली ईवीएम को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंडी समिति के स्ट्रांगरूम में लाकर रखा गया है। स्ट्रांगरूम के आसपास किसी भी व्यक्ति को आने-जाने के लिए इजाजत नहीं है। ईवीएम की सुरक्षा के लिए एक प्लाटून पैरामिल्ट्री फोर्स लगाई गई है। रात्रि के समय मंडी परिसर में बिजली का व्यवधान उत्पन्न न होने पाए, इसके लिए अलग से जेनरेटर की व्यवस्था की गई है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि ईवीएम की तीन स्तरीय सुरक्षा-व्यवस्था की व्यवस्था की गई है। आईसोलेशन कार्डन में पैरामिलेट्री को तैनात किया गया है। इसके अलावा इनर और आउटर कार्डन में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। क्षेत्राधिकारी, इंस्पेक्टर, दरोगाओं समेत करीब पचास पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी चौबीस घंटे निगरानी की जा रही है। एसपी सिटी ने बताया कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संदर्भ में ड्यूटी में लगे सभी पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*
*मो. 9027776991*

Title Code : UPBIL05086

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# Rob banks and run


This seems to be the motive and phrase of a section of the corporate. We are shocked and upset that how do bank scams of thousands, lakhs crores happen? Whose neglect and inefficiency leads to a simple loan scam? This is common man's money deposited in banks. By law, cash money cannot be kept at home more than a limit, so depositing money in banks is also a human compulsion. Banks are being handed over to scamsters.India became an independent country on 15 August 1947. After that there have been banking scams. This has been accepted by the Reserve Bank of India itself, but this time a huge scam of Rs 22,842 crore has come to the fore. This is the biggest bank scam after independence. If we add the bank scams of Nirav Modi, Mehul Choksi and Vijay Mallya, then almost the same scam has been exposed. 28 banks and LIC have been duped in the scam.These also include top government banks like State Bank of India and Punjab National Bank. However, more than Rs 7000 crore of ICICI has become 'water'. This scam also happened in Gujarat's ABG Shipyard Ltd. and its subsidiary company. Banks may have given loans during the Congress-led UPA government or those loans have increased to 22,842 crores under the current Modi government,Actually the question is why so much credit facility has been given in banks? Are the bank officials sitting blindfolded, who do not even realize the NPA position of the company? Is there any banking nexus that even the investigating agencies do not question? Objections are not raised in the audit? There are clear instructions from the Reserve Bank that every third month the books of the banks will be checked. Despite that, how did the scam reach such a huge amount?If the common man forgets or misses to pay the monthly installment of the loan, then the bankers call him 'crazy' after calling him. Don't even reconsider calling him an NPA and spoiling his banking record, but there is a long list of bank scammers in the country. The Minister of State for Finance, in a written reply in Parliament, has revealed that out of 72 scamsters in the last 5 years, only two have been caught.It has also become public information that banking frauds of about Rs 2.85 lakh crore have happened. NPAs have also reached Rs 21 lakh crore, while our general budget is Rs 39 lakh crore. Banks have 'written off' an amount of 8 lakh crores.Whose money was this? This huge scam has also come to the fore through forensic audit. The question is, how many of these 28 banks can go bankrupt and the common depositor's money can be confiscated? Complaints were given by banks to CBI in 2019 itself, but the FIR has been registered on February 7, 2022. After all, why did the CBI sit on complaints for so long? Of course there have been cases of criminal conspiracy, breach of trust and fraud,But the CMD and most of the directors of the company are abroad. ransferred to other accounts, the operators bought properties and sent the money abroad. Now how can that money be recovered? Bank scams worth Rs 5.99 lakh crore have been done during the tenure of Modi government till now.It does not seem 'Emritkaal' to the public, but 'Vishkaal', because bank officials cannot get such a big scam done. Unless verbal orders are given from the top level, such scams cannot be committed. Now the CBI investigation is going on. Past experiences show that rob banks and flee abroad. Extradition laws are very complicated.

# Dia Mirza celebrated her first anniversary in this way, see the unseen video of the wedding



Dia Mirza remains in a lot of headlines for her personal life. Now Dia Mirza and Rekhi Vaibhav are celebrating their first wedding anniversary on 15 February. Expressing happiness on this occasion, the actress has shared a video, in which she is seen performing her wedding rituals. This video has been shared by the actress on her official Instagram.In the beginning of the video, Deerya is seen walking among the chard of flowers in the wedding couple. At the same time, in the video, Vaibhav Rekhi and actress are seen performing the rituals of Varmala. Also, in the video, both of them are seen holding each other's hands and completing the rituals of the rounds. It can be seen in the video that Dia Mirza and Vaibhav Rekhi are looking very happy and enjoying every moment of their marriage.Wrote Special Caption - Sharing this video on Instagram, he wrote, "It was a year that asks me many questions and a year full of answers." This was the year when many of my dreams were fulfilled and many questions got answered. Happy Anniversary Vaibhav Rekhi May we continue to grow together and cherish the simple joys of life. He further wrote, 'Sharing a glimpse of our wedding day is a day that has brought our family and friends back to the garden of our house.Let us tell you that after a few months of marriage, she posted the news of her pregnancy on social media. At the same time, he has given birthday to Vaibhav's son Avyan in May last year. Let us tell you that Dia Mirza won the title of Miss India Asia Pacific in the year 2000. After which he started his acting career in Bollywood with the film Rehna Hai Tere Dil Mein.In this film, he played the main character along with R Madhavan. After this he worked in films like Deewanapan, Tumko Na Bhool Payenge, Parineeta, Munna Bhai, Crazy 4. Recently, he was seen in the South superstar's film Watch Dog. In this film, Diya plays Nagarjuna's wife.

# Priyanka Chopra's mother told Samadhi - Love You! Reply to Nick Jonas' tweet



Nick Jonas' father Kevin Jonas Sr. celebrated his birthday on Sunday. Priyanka Chopra's mother Madhu Chopra also wished her friend a happy birthday through social media. Madhu Chopra tweeted, 'Happy birthday my dear Kevin Sr. May you always be happy. Love you.' Nick Jonas had made a post on his father's birthday, replying to which Madhu Chopra wrote this in his tweet.Priyanka Chopra's mother tweeted-Nick shared a picture with his father and wrote, 'Happy birthday my father. Love you dad.' The way Priyanka Chopra's mother has wished her happy birthday, it is quite possible that how is the tuning between the two. Let us tell you that two parties have been enjoyed at Nick Jonas's house in the same day. On Sunday itself, there was a Super Ball Sunday at his house, and his father's birthday party was also on the same day.Priyanka Chopra, who was missing from the party - Nick Jonas recently shared a video of the party's decorations. Although Priyanka Chopra was missing in that video. Now when Nick Jonas shared the photo with his father, Priyanka Chopra was not seen in it too. It is known that both Priyanka Chopra and Nick Jonas are very busy professionally. After marriage, Priyanka has also shifted to the US.

# स्वदेशी श्रृंगार, सोलह श्रृंगार पर माघ मेले में आयोजन

## महिलाओं के लिए बरदान हैं सोलह श्रृंगार:-किरन




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी के तत्वाधान में माघ मेला इलाहाबाद में अपने पति श्री पंकज उपाध्याय और सखियों के साथ पूजा अर्चना भी की,एटा की बेटी श्रीमती किरन ने अपनी सखियों के साथ विद्या भारती के सेक्टर 1 स्थित शिविर में दिनांक 14/ 2/2022 दिन सोमवार को स्वदेशी सिंगार सोलह सिंगार का जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। गत वर्षों की भांति प्रतिभागियों ने सोलह सिंगार करके मां गंगा यमुना सरस्वती के पवित्र संगम की पूजा अर्चना कर अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की, और स्वदेशी सिंगार सोलह सिंगार जागरूकता यात्रा निकालकर स्वदेशी सिंगार अपनाने, विदेशी सिंगार के सामान से होने वाले नुकसान की जनता को जागरूकता देने के साथ सोलह सिंगार पर स्वरोजगार पर जागरूकता फैलाई गई।इस अवसर पर श्रीमती किरन ने कहा कि महिलाओं के लिए सोलह श्रृंगार बरदान है। इस अवसर पर एस्ट्रोविधि थेरेपी से जुड़ी हुई प्रशिक्षक शिल्पी आदि सखियों के साथ साथ कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती रंजना मिश्रा संरक्षक माया द्विवेदी एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी की निदेशक श्रीमती किरन, सोनाली मिश्रा, करुणा मिश्रा, शुभ्रा पाठक ,सविता शर्मा अनुराधा रंजीत यादव गीतांजलि मंजू सिंह ममता नीतू विधया आदि बहने उपस्थित रही

# लूट व चोरी की सात मोटर साइकिल व दो स्कूटी एवं पन्द्रह मोबाइल सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा आज मगंलवार को पुलिस लाइन के सभाकक्ष में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुये बताया कि गत सोमवार को थाना पिलुआ व मारहरा पुलिस एवं क्राइम ब्रांच की इंटेलिजेंस विंग द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चार शातिर बदमाशों को लूट चोरी की योजना बनाते समय सिंचाई विभाग निरीक्षण भवन के पीछे से गिरफ्तार किया गया है।

जामातलाशी तथा मौके से लूट व चोरी की पांच मोटर साइकिलें, दो स्कूटी, दो घटनाओं में प्रयुक्त मोटर साइकिलें, 15 मोबाइल फोन, 2050 रुपये तथा 04 अवैध तमंचे व 09 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने आगे बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने ये मोटर साइकिल, स्कूटी तथा मोबाइल फोन एटा तथा आसपास के जिलों से चोरी / लूटें हैं, तथा आज इन्हें बेचने तथा बेचने के बाद लूट / चोरी की घटना को अंजाम के लिए यहाँ इकट्ठा हुए थे। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना पिलुआ पर धारा 41 / 102 सीआरपीसी व 398, 401, 411, 413, 414, 420 भादवि तथा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा जा रहा है !1. गिरफ्तार अभियुक्त गिरोह बनाकर काम करते हैं, जिसमें अभियुक्त विवेक उर्फ लालू इनका गैंग लीडर है।2. चारों अभियुक्त थाना पिलुआ क्षेत्रांतर्गत आसपास के गाँवों के रहने वाले हैं, जो आपस में दोस्त भी हैं, और आसपास के जनपदों एटा, कासगंज, गाजियाबाद, हाथरस, अलीगढ़ आदि जिलों में वाहन चोरी व लूट किया करते हैं। 3. अभियुक्तगण अपने शौक पूरे करने के लिये आपराधिक वारदातों को अंजाम देते थे। 4. अभियुक्तगण पुलिस की नजर से बचने के लिये एक जनपद से बाइक चोरी कर दूसरे जनपद में बेचते थे। 5. बरामद वाहनों में से दो स्कूटी थाना कोतवाली देहात एटा पर पंजीकृत लूट व चोरी के अभियोग से से, एक बाइक थाना कोतवाली नगर एटा से, एक बाइक थाना पिलुआ एटा से, एक बाइक थाना कोतवाली कासगंज से, एक थाना कोतवाली इंन्द्रापुरम, गाजियाबाद पर पंजीकृत बाईक चोरी व लूट के मुकदमों से सम्बंधित हैं। अन्य की जानकारी की जा रही है।

# धूमधाम से मनाया गया हजरत अली का जन्मदिन

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - हजरत अली के जन्म दिन पर मंगलवार को मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में खुशी का माहौल रहा। लोग एक दूसरे को मौला अली की आमद पर मुबारकबाद पेश करते दिखे। महफिल का भी आयोजन किया गया। मुस्लिम धर्म गुरुओं ने हजरत अली की शख्सियत पर रोशनी डाली। शहर ऊपरकोट मोहल्ला स्थित कार्यालय पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी।इसके बाद वक्ताओं ने हजरत अली के जीवन पर प्रकाश डाला। इरशाद हाफिज ने कहा कि मुसलमानो के चौथे खलीफा शिया समुदाय के पहले इमाम और पैगंबरे इस्लाम के दामाद हजरत अली एक ऐसे आदर्श महापुरुष थे। मोहम्मद नाजिम चमन ने कहा कि खुदा ने हजरत अली को सिर्फ मुसलमानों को नेक राह पर चलाने और उनके उत्थान के लिए नहीं भेजा, बल्कि पूरी दुनिया को बुराइयों से बचाने और अन्याय के खिलाफ सही रास्ता दिखाने को भेजा गया था। उन्होंने कहा था कि 'हम सब खुदा के नेक बंदे हैं, इसलिए उस के बताए रास्ते पर चलकर ही सुकून से रह सकते है। शोएब ने कहा कि हज़रत अली हमारे प्यारे नवी जिनकी हम उम्मती है। उनके चचाजाद भाई थे और हमारे नवी के दामाद थे। हमारे खलीफा है। इसी क्रम में हजरत अली की यौमे पैदाइश पर लोगों ने घरों पर पकवान बनाकर एक दूसरे के परिवार व दोस्तों को भोजन कराया। यही नहीं भूखे, मजबूर और गरीबों में भी भोजन का वितरण किया। इस मौके पर जिला महासचिव शोएब जावेद, अज़ीम अख्तर, हसन साजिद, हुसैन खान, ज़ुबैर जावेद, तालिब खान, नाजिम चमन उपस्तिथ रहे।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# नाबालिग के साथ अपहरण तथा दुष्कर्म की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक जगदीश चन्द्र द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मुअसं- 46/2022 धारा 363, 366, 376, 506 भादंवि व 3/4 पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त जैकी पुत्र ज्ञानसिंह निवासी कुनावली थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है

# जलेसर क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जलेसर विधानसभा 106 में 20 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए जलेसर पुलिस विभाग द्वारा ड्रोन कैमरे से कई जगह निगरानी की गई जलेसर विधानसभा मैं शांति पूर्वक निष्पक्ष सकुशल संपन्न कराने हेतु, जलेसर के कई मोहल्लों एवं महावीर गंज, घंटाघर,निधौली चौराहा, के साथ-साथ अवैध रूप से कच्ची शराब निष्कर्षण के लिए चर्चित बिहार बस्ती क्षेत्र में भी ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी की गई

# कोरोना का असर कम होने के बाद स्कूल-कॉलेज खुले

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ़ - कोरोना संक्रमण के असर कम होने के बाद स्कूल-कालेजों को फिर से खोला गया है। पूर्व में तय की गई व्यवस्थाओं को संचालित करने में लगातार कोरोना संक्रमण ने बाधाएं उत्पन्न की थी। मगर अब फिर से विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के साथ उनके मनोरंजन व खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए अफसरों ने प्रधानाचार्यों से रिपोर्ट भी मांगी है। जगह की उपलब्धता व व्यवस्थाओं के आधार पर वहां नई व्यवस्थाएं बनाने का काम नए सत्र के पहले से ही शुरू किया जा रहा है। उम्मीद है कि नए सत्र से ही विद्यार्थियों को सुविधाएं मिलनी शुरू हो जायेंगी।


ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## छत्तीसगढ़ पुलिस की "अभिव्यक्ति" ऐप के उपयोग में सूरजपुर पुलिस द्वितीय स्थान पर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति एप छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गया है। इस अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप के माध्यम से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी। यूजर की लोकेशन के हिसाब से एसओएस बटन दबाते ही यूजर के पास त्वरित पुलिस सहायता पहुंचेगी। इसके अलावा इस एप के माध्यम से महिलाएं कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा पा रही है। महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों, कानूनी जानकारियों सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी इस ऐप में दी गई है जिसकी उपयोगिता, शिकायत दर्ज कराने की सुविधा एवं फौरन पुलिस की सहायता पीड़ित को मिले इसके लिए पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर सूरजपुर जिले में पुलिस राजपत्रित अधिकारी, थाना-चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मचारियों के द्वारा व्यापक रूप से अभिव्यक्ति ऐप का प्रचार-प्रसार एवं इसके उपयोगिता के बारे में स्कूली छात्राओं सहित महिलाओं को बताया जा रहा है। बीते दिन पुलिस मुख्यालय रायपुर के द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी जिले में अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग करने संबंधी डाटा निकाला था जिसमें सूरजपुर जिले को दूसरा स्थान हासिल हुआ है।

## शिविर लगाकर संयुक्त कार्यालय में शा. अधिकारी कर्मचारियों ने किया रक्तदान

### रक्तदान अपनाओ, सबका जीवन बचाओं



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिला संयुक्त कार्यालय में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर लगाकर शा. अधिकारी - कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों से कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने अपील की थी जो व्यक्ति अपने इच्छानुसार रक्तदान करना चाहते है। वे पंजीयन कराकर रक्तदान कर सकते है। उन्होंने बताया कि रक्तदान एक पूण्य का कार्य है। जिले में ब्लड की आवश्कता बनी रहती है,

जिसके लिए हम अन्य संस्थाओं में भी धीरे-धीरे जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने से पहले रक्तदाताओं को डोनर फॉर्म भरवाकर प्रारम्भिक जांच किया, जांच उपरांत पात्र लोगों से रक्तदान कराया गया। उन्होंने बताया आमतौर पर लोग रक्त दान से इसलिए डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर में कमज़ोरी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है ब्लड डोनेट करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार होता है, वज़न कंट्रोल में रहता है, कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है। रक्तदान से न सिर्फ आपके शरीर पर बल्कि दिमाग़ पर भी पॉज़ीटिव असर पड़ता है। ब्लड डोनेशन से आप किसी ज़रूरतमंद की जान बचाते हैं, और साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे होते हैं। यही वजह है कि लोगों को इसके बारे में जागरुक करना बेहद ज़रूरी है। स्वेच्छिक रक्तदान शिविर में घनश्याम पाणीग्राही, सुधीर मिश्रा, कु. नेहा, राजेन्द्र प्रताप, आलोक सिंह, योगेश पैकरा, महेन्द्र प्रसाद,, अखिलेश बिसेन, राजेश, सत्येन्द्र, सुमीत, सुनील कुमार, धमेन्द्र कुमार, डोलामनी, दीपक सिंह, मनीष गुप्ता, राजकुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने रक्तदान किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस सिंह, सिविल सर्जन श्रीमती शशि तिर्की सहित जिला चिकित्याल के अमला मौजूद थे।

## भारी मात्रा में नशीली दवाई के साथ 1 गिरफ्तार, थाना रामानुजनगर पुलिस की कार्यवाही

### पकड़ा गया आरोपी चोरी के 2 मामलों में था संलिप्त, चोरी की सामग्री भी किया गया बरामद

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




सूरजपुर- अवैध कारोबार के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर कार्यवाही लगातार जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में सोमवार, 14 फरवरी को अपराध विवेचना एवं स्थाई वारंटी पतासाजी के दौरान थाना रामानुजनगर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम पटना बाजार चौक के पास घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित मुनाजीर अंसारी पिता शेख मोहम्मद उम्र 30 वर्ष निवासी नारायणपुर को घेराबंदी कर पकड़ा जिसके कब्जे से रेक्सोजेसिक एम्पुल 20 नग, एविल इंजेक्शन 90 नग एवं लोपम इंजेक्शन 30 नग कीमत 2843 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर अपराध क्रमांक 36/22 धारा 21( सी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस एक्ट मामले में पकड़ा गया आरोपी मुनाजीर थाना रामानुजनगर में पंजीबद्ध चोरी के दो मामले अपराध क्रमांक 132/21 एवं 220/21 धारा 379 भादवि व 136 विद्युत अधिनियम में लोहे का एंगल एवं पावरग्रीड 400 केव्ही विद्युत टावर एंगल चोरी मामले में संलिप्त था जो पिछले 6 माह से फरार चल रहा था। चोरी के मामले में आरोपी मुनाजीर अंसारी के निशानदेही पर 9 पीस लोहे का एंगल, काले रंग का रोल पाईप ( पानी ) 9 मीटर कीमत 12 हजार रूपये का बरामद कर इस मामले में भी आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर विकेश तिवारी, एसआई सुनीता भारद्वाज, एएसआई विशन देव पैकरा, माधव सिंह, आरक्षक रविशंकर साहू, रामसागर साहू,, मनीष साहू, देवान सिंह, संतोष ठाकुर, गणेश सिंह, अमलेश्वर सिंह, सैनिक दिनेश यादव, देवचंद पाण्डेय, मानसाय, अजीत सिंह व दिनेश यादव सक्रिय रहे।

## जिले में 27 से पिलाई जायेगी 0 से 5 वर्ष तक के शिशुओं को पल्स पोलिया की खुराक

### पोलियो मुक्त करने डोर टू डोर होगा महाअभियान




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 2022 का आयोजन जिले में 27 फरवरी 2022 को किया जाएगा। जिसमें 27 फरवरी 2022 को बूथ पर तथा 28 फरवरी से 01 मार्च 2022 तक घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जायेगी। जिले में पल्स पोलियो अभियान हेतु लगभग 127195 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की सुराख दी जायेगी, जिसके लिए 724 पोलियो बूथ पर 900 टीम तथा 2336 कर्मचारी निर्धारित स्थान पीलियो बूथ, रेलवे स्टेशन, हाट बजार, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलायेंगे। पर भ्रमण तथा 28 फरवरी से 01 मार्च 2022 तक घर-घर भ्रमण कर अभियान की सतत् निगरानी की जायेगी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा डॉ. अजय मरकाम, जिला टीकाकरण अधिकारी की देख-रेख में जिले की टीम अभियान को सफल बनाने हेतु भ्रमण करेगी। इस अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले के समस्त जिलाधिकारियों की जिला कलेक्टर कार्यालय में आहूत किया गया। जिसमें कलेक्टर अभियान को सफल बनाने हेतु अपेक्षित सहयोग हेतु जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## भूमिपूजन के 8 माह बाद भी शुरू नहीं हुआ बिहारपुर-रसौकी सड़क का काम

### ग्रामीणों को डर कहीं सड़क निर्माण कागजों में ही न सिमट जाए

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- ओडगी ब्लाक के बिहारपुर में लगे जन समस्या शिविर में पहुंचे जिले के कलेक्टर डा. गौरव कुमार सिह को ग्रामीणों ने भूमि पूजन हुये सड़क की याद दिलाते हुये जल्द ही सडक निर्माण प्रारंभ करने की गुहार की गई. गौरतलब है कि बिहारपुर-रसौकी सडक मार्ग की स्थिति अत्यधिक खराब होने से प्रदेश सरकार द्वाराबिहारपुर - रसौकी मार्ग की नवीनीकरण स्वीकृति देते हुये 3 करोड़ 37 लाख रु. की लागत स्वीकृति करते हुये 16 जून को भूमिपूजन प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल के माध्यम से किए थे और सडक निर्माण का काम शीघ्र शुरू करने की घोषणा भी हुई थी. 8 माह हो गये बिहारपुर - रसौकी मार्ग की भूमिपूजन हुए लेकिन अभी तक सडक निर्माण कार्य शुरू नहींहुआ, जिससे अब क्षेत्र के ग्रामीणों को डर सता रहा है कि यह सडक निर्माण कही कागजों में ही सिमट न रह जाये. बहरहाल ग्रामीणो आज बिहारपुर में लगे जन समस्या शिविर में पहुंचे जिले के कलेक्टर डा. गौरव कुमार सिह से सडक नवीनीकरण कराने का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराने की गुहार लगाई, तो उन्होने ग्रामीणो को भरोसा देते हुये जल्द निर्माण कराने की बात कही है

## खुले में फेंके गए मृत गौ वंश की दुर्गंध से अध्यापकों वा बच्चो का जीना मुश्किल



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बांदा-जनपद के बिसंडा ब्लाक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भदेहदू में गो शाला में मरने वाले गौ वंशो को प्राथमिक विद्यालय भाग दो के पीछे फेक दिया जाता है। जिसकी वजह से पूरे विद्यालय परिसर में दुर्गध के कारण अध्यापकों वा आने वाले बच्चो को दुरागंध से भरी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के लिए जब ग्राम सचिव से उनका पक्ष जानने के लिए फोन संपर्क किया गया तो गमी में गए हैं जवाब मिला मगर हद तो तब हो गई जब बी डी ओ बिसंडा से बात हुई तो तुरन्त समस्या का निस्तारण कराने की बात कहने के बाद भी घंटो बाद भी किसी के ना पहुंचने पर ब्लाक पहुंच कर लोकेशन सहित बनाए गए वीडियो दिखाए गए किसी के घंटो बाद भी न पहुंचने के बारे में पक्ष पूछ गया तो बी डी ओ साहब ने भी गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुई गोल मोल जवाब दिया। एह समस्या बिसंडा ब्लाक के भदेहदू की ही नही है। इस ब्लाक में ओरन में भी इसी प्रकार खुले में मृत गौ वंश फेकने की प्रथा प्रचलित है। अब देखने वाली बात है की जिला प्रशासन ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाई करता है या नही।

## खेतो में जानवर जाने से हुई मारपीट



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बांदा-बांदा जनपद के तिंदवारी थाना क्षेत्र के धौसड़ गांव निवासी पूरन बाबू पुत्र गंगाविष्णु कोरी गांव के कान्हा पशु आश्रय केंद्र/गौशाला में चौकीदार/पशुपालक है। वह सोमवार शाम करीब चार बजे गौशाला का ताला खोलकर मवेशियों को चारा डालने लगा, तभी एक मवेशी गौशाला से निकल कर खेतों में चला गया। खेत में फसल की रखवाली कर रहे गांव के अजय पुत्र लल्ला व सुनील पुत्र जागेश्वर ने मवेशी को लाठी डंडे से पीटने लगे, बीच बचाव को पहुँचे पशुपालक पूरन बाबू को भी लाठी डंडे से पीटकर लहूलुहान कर मरणासन्न अवस्था में छोड़कर भाग निकले। सोर मचाने पर पहुँचे ग्रामीणों व परिजनों ने पूरन बाबू को थाने ले आये। जहां से उसे पीएचसी में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों के मुताबिक

- गौशाला से निकल कर खेतों में पहुँचे मवेशी
- फ़सलों की रखवाली कर रहे किसानों ने गौशाला के चौकीदार को पीटा
- किसानों ने गोशाला के चौकीदार को अधमरी अवस्था में छोड़कर हुए फरार

जब सोर सुन कर पहुँचे तो हमलावर पूरन को लाठी डंडे से पीट रहे थे, उनके पहुँचने पर वह भाग निकले व पूरन बाबू के सिर से खून बह रहा था और पूरन बाबू अचेतावस्था में था। पूरन बाबू ने चारा डालते वक्त मवेशी के खेत में चले जाने के मामूली बात पर जानलेवा हमले करने से गुस्साए परिजनों ने गांव के अजय पुत्र लल्ला व सुनील पुत्र जागेश्वर पर मामला दर्ज कर जल्द जेल भेजने की मांग की है।

## नहीं निकल पायी पार्कों के सुंदरीकरण योजनाएं फाइल

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - पार्कों के सुंदरीकरण की योजनाएं फाइलों से निकल नहीं पा रहीं। कुछ ही पार्कों के लिए बनी परियोजनाओं पर नगर निगम अधिकारी जोर लगाए हुए हैं। बाकी ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। पिछले साल अधिकारियों ने पार्कों में सघन पौधारोपण, ओपन जिम, बाउंड्रीवाल समेत अन्य कार्य कराने योजना बनाई थी। लेकिन, ओपन जिम के अलावा पार्कों में कुछ और न हो सका। 14 लाख रुपये का बजट पास हुए गौतम बुद्ध पार्क के हालात तो नगर निगम ने ही बिगाड़ दिए जहां कोई काम नहीं हो सका।

## करणी सेना ने सदर सीट से भाजपा प्रत्याशी मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को दिया समर्थन, भाजपा प्रत्याशी ने जताया आभार



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

फर्रुखाबाद- श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना फर्रुखाबाद इकाई के जिला अध्यक्ष मंथन ठाकुर द्वारा सदर सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को विधानसभा चुनाव में समर्थन देने का ऐलान किया गया इसके बाद मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने करणी सेना जिला कार्यालय पर पहुंचकर संगठन का आभार जताया व राष्ट्रहित में अधिक से अधिक समर्थन की अपील की साथ ही साथ उन्होंने 15 फरवरी को बद्री विशाल महाविद्यालय में होने वाली केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की इस दौरान करणी सेना से जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर , भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक जितेंद्र सिंह जनसत्ता दल से युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सुमन सिंह जिला अध्यक्ष मीनू अगिनहोत्री, उत्कर्ष ठाकुर ,गौरव राघव, आकाश राठौर जेपी चौहान राहुल परिहार अखिलेश प्रताप आदि करणी सेना के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे

## बाबरी मंडी हत्या के मुख्य आरोपित भाजपा नेता की कोर्ट में पेशी



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - बाबरी मंडी के तारिक की हत्या के मुख्य आरोपित भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय की मंगलवार को कोर्ट में पेशी हुई। इस दौरान वि० संजीव राजा व विनय के समर्थन में काफी लोग कचहरी में आ गए। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर 23 फरवरी 2020 को ऊपरकोट पर बवाल हुआ था, धरना दे रही महिलाओं ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया था। जिसमें में सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई। इसमें गोली लगने से हार्डवेयर कारोबारी का बेटा मोहम्मद तारिक घायल हुआ था। तारिक के भाई ने भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उससे लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद हुई थी। गिरफ्तारी के अगले दिन उसे एटा जेल शिफ्ट कर दिया गया। विनय के एटा जेल में जाने के अगले दिन तारिक ने जेएन मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। इसके चलते हमले का मुकदमा हत्या में तरमीम हो गया। इधर, विवेचना कर रही एसआइटी ने माना कि गोली विनय की पिस्टल से चली थी और वह घटनास्थल पर मौजूद भी था। इस आधार पर चार्जशीट दाखिल की गई। अब मामला एडीजे तीन की अदालत में चल रहा है। अदालत में सफाई साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। अदालत इसमें फैसले की तारीख नियत कर सकती है।

## नालों का जमा कीचड़ लोगों के लिए मुसीबत



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - नालों की सफाई में नगर निगम हर साल लाखों रुपये बहा देता है। मगर, नाले फिर भी साफ नहीं हो पाते। खैर रोड पर इन दिनों नाले की निकासी अवरुद्ध होने से जलभराव की समस्या बनी हुई है। इससे न सिर्फ राहगीर परेशान हैं, दुकानदारों को भी मुसीबत झेलनी पड़ रही है। शहर विधायक संजीव राजा के कार्यालय के सामने भी हालात बुरे हैं। क्षेत्रीय लोगों के अलावा विधायक भी इस संबंध में कई बार शिकायत कर चुके हैं। मगर, समस्या जस की तस बनी हुई है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

| एन.राज शर्मा | निशाकांत शर्मा | सुमित गुप्ता |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | सहसंपादक | क्यूँ न लिखूँ सच |
| 9027776991 | 7906743371 | 9458664527 |

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## जिले के अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से रखी जाए पैनी नजर-पुलिस उप महानिरीक्षक

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती- आयुक्त देवीपाटन मण्डल एम0पी0 अग्रवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन मण्डल उपेन्द्र कुमार अग्रवाल का आगमन जनपद में हुआ। कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचने पर दोनो उच्चाधिकारियों को गार्ड की सलामी दी गई। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने दोनों अधिकारियों की अगुवानी की। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मा0 आयुक्त देवीपाटन मण्डल एम0पी0 अग्रवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन मण्डल उपेन्द्र कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त नोडल/सहायक अधिकारियों के साथ बैठक कर टीम भावना के साथ कार्य करके फ्री एण्ड फेयर ढंग से विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। आयुक्त ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत चल रही सभी तैयारियों की गहन समीक्षा की और निर्वाचन को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं व्यस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से समस्त नोडल/सहायक अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि कोविड-19 के नये वैरियंट ओमिक्रोन को देखते हुए कोविड प्रोटोकाल का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया जाए, तथा सभी मतदान केन्द्रों पर कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप मतदाताओं हेतु अन्य आधारभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं, ताकि मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में कोई दिक्कत न होने पावे। यदि कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाया जाए तो उनके विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों को गम्भीरता से लेने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिया कि बिना अनुमति के होर्डिंग, बैनर आदि नही लगाये जायेंगे। उन्होने पोस्टल बैलेट फर्नीचर और बैरिकेडिंग की व्यवस्था के बारे में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने बताया कि सार्वजनिक संपत्ति अथवा निजी सम्पत्तियों पर किसी भी प्रकार के विज्ञापन, पोस्टर व बैनर आदि बिना अनुमति के नही लगाये जायेंगे। बिना अनुमति के पोस्टर, बैनर आदि लगाने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। निजी स्थानों एवं सरकारी सार्वजनिक भवनों की दीवारों पर बिना अनुमति के पोस्टर व बैनर आदि नही लगाए जायेंगे। किसी पार्टी या दल व व्यक्ति को इन पर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना मना है। उन्होने कहा कि सार्वजनिक संपति पर पोस्टर व पैम्पलेट आदि लगाने वाले ऐसे लोगों के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होने बाहर से आने वाली सुरक्षा बलों के आवागमन एवं निवास के व्यवस्था की भी समीक्षा की, और सम्बन्धित अधिकारियों को साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था व यातायात के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होने भारत निर्वाचन आयोग की नियमावली का उल्लेख करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम मतदाता पोलिंग बूथ के अन्दर अपना मोबाइल नही ले जा सकेंगे। उन्होने इसके समुचित प्रचार-प्रसार के लिए भी निर्देश दिये। उन्होने एस0एस0बी0 कमाण्डेन्ट को अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं पर चौकसी रखने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप ईशान प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना, एस0एस0बी0 कमाण्डेन्ट आर0के0 राजेश्वरी, अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी, रिटर्निंग आफिसर/उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, रिटर्निंग आफिसर/उपजिलाधिकारी इकौना आर0पी0 चौधरी, उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी रोहित, उपजिलाधिकारी आशुतोष, उपजिलाधिकारी मोहित, प्रभागीय वनाधिकारी ए0पी0 यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी इकौना एम0पी0 शर्मा, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण/वरिष्ठ कोषाधिकारी गिरीश कुमार सहित अन्य निर्वाचन कार्य से जुड़े नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

| एन.राज शर्मा | निशाकांत शर्मा | सुमित गुप्ता |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | सहसंपादक | क्यूँ न लिखूँ सच |
| 9027776991 | 7906743371 | 9458664527 |

## नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में 'जिला युवा सम्मेलन' का हुआ आयोजन




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अगुवाई में जिला युवा अधिकारी कोमल की अध्यक्षता में नेहरू युवा केंद्र श्रावस्ती द्वारा जिला युवा सम्मेलन का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं को मतदाता जागरुकता शपथ दिलाकर की गई। सभी प्रतिभागी मतदान जागरूकता कार्यक्रमों को अधिक से अधिक चलाकर शत प्रतिशत मतदान में कराने में अपनी भूमिका निभाएं और जो व्यक्ति मतदान करने में असहाय ही उसका सहारा बनकर उनका भी मतदान कराएद्य जिला युवा अधिकारी सुश्री कोमल ने जनपद के सभी विकास खंडों से आए प्रतिभागियों को अपने अपने क्षेत्र में सरकार के द्वारा विभिन्न लाभकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक करने व उन्हे उसका लाभ दिलाने के लिए प्रोत्साहित किया ।जिला खेल अधिकारी श्री शिव कुमार जी ने युवाओं को बताया कि खेल गतिविधियाँ सभी के लिए, विशेषरुप से बच्चों और युवाओं के लिए बहुत आवश्यक है क्योंकि ये शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देती हैं।खेल एक अच्छे खिलाड़ी के लिए अच्छा भविष्य, कैरियर के र अवसर प्रदान करते हैं। अध्यापिका सुश्री पूजा जी ने युवाओ को कोविड 19 से बचाव कर तारिकों के बारे में बताया तथा साथ ही साथ टीकाकरण के लिए युवाओ को जागरुक किया। अध्यापिका सुश्री वगेशा जी ने योग के फायदो के बारे में बताते हुए कहा कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में अनेक ऐसे पल हैं जो हमारी स्पीड पर ब्रेक लगा देते हैं। हमारे आस-पास ऐसे अनेक कारण विद्यमान हैं जो तनाव, थकान तथा चिड़चिड़ाहट को जन्म देते हैं, जिससे हमारी जिंदगी अस्त-व्यस्त हो जाती है। ऐसे में जिंदगी को स्वस्थ तथा ऊर्जावान बनाये रखने के लिये योग एक ऐसी रामबाण दवा है जो, माइंड को कूल तथा बॉडी को फिट रखता है। योग से जीवन की गति को एक संगीतमय रफ्तार मिल जाती है।वही प्रिंसिपल श्रीमती भावना जी ने हमारे समाज में महिला की अहम भूमिका को बताते हुए महिलाओ को आगे बढने के प्रेरित किया और कहा कि अगर वे अपने मूल अधिकारों के प्रति जागरूक होंगी तभी महिलाएं अपने लिए लड़ सकेंगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहला कदम उनकी राय का समर्थन करने से शुरू होता है। उनका उपहास न करें या उनकी राय को दफन न करें। उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएं और उनके आत्म-सम्मान का निर्माण करें। कार्यक्रम में 100 युवक युवतियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक श्रवण कुमार व यूथ क्लब के अध्यक्ष रामेश्वरम प्रसाद ने किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा शिव कुमार एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्राचार्य भवना, अध्यापिका पूजा, अध्यापिका वागीशा उपस्थित रही।